# कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
दूरभाष का पता–0151–2226551 ई मेल– **aayukt.ele@gmail.com**

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/ऑनलाइन शिक्षण /19570/2020 1808 – 1820 दिनांकः 07.12.2020

1. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा, समस्त।
2. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा, समस्त।
3. पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।

**विषयः** स्माइल एवं स्माइल 2.0 की सफल क्रियान्विति के सम्बन्ध में।
**प्रसंगः** प्रमुख शासन सचिव,स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग की अध्यक्षता में आयोजित वी.सी दिनांकः 25.11.2020 एवं निदेशक, मा.शि.का पत्रांकः शिविरा /माध्य /मा–द/ई–कक्षा/2020-21 दिनांक 02.11.2020

गृह (ग्रुप 9) विभाग, राजस्थान सरकार के आदेशानुसार कोविड–19 के मद्देनजर राज्य के सभी विद्यालय बहरहाल बन्द है तथापि ऑनलाइन अध्यापन/कक्षाओं की अनुमति है। कोरोना संक्रमण (कोविड–19) की रोकथाम एवं संक्रमण से विद्यार्थियों के बचाव की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्माइल एवं स्माइल 2.0 कार्यक्रम के द्वारा ऑनलाइन शिक्षण एवं कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि कोरोना काल में विद्यार्थियों का शिक्षण बाधित नहीं हो। निदेशक, मा.शि. के पत्रांकः शिविरा/माध्य/मा–द/ई–कक्षा/2020–21/57 दिनांकः 23.11.2020 के अनुसार स्माइल 2.0 के सम्बन्ध में दिनांकः 25.11.2020 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रमुख शासन सचिव महो. एवं निदेशक महो. द्वारा स्माइल 2.0 के लिये दिये गये निर्देशों की शत–प्रतिशत पालना सुनिश्चित करावें।

स्माइल 2.0 की सफल क्रियान्विति के सम्बन्ध में निम्नांकित प्रपत्रों में गृहकार्य वितरण, संकलन एवं पोर्टफोलियो से सम्बन्धित सूचना चरणबद्ध रूप से निदेशालय स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करावें।

1. **प्रपत्र–अः** स्माइल 2.0 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण, संकलन एवं पोर्टफोलियो हेतु इस प्रपत्र को शिक्षकों द्वारा विद्यालय स्तर पर भरा जावे। इस प्रपत्र की समस्त पूर्तियों हेतु पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी उत्तरदायी होंगे एवं अपने स्वयं के विद्यालय सहित अधीनस्थ विद्यालयों के सभी शिक्षकों द्वारा गृहकार्य वितरण, संकलन एवं पोर्टफोलियो की सूचनाएं एकत्रित कर अपने ब्लॉक के सीबीईओ को प्रति सप्ताह प्रेषित करेंगे।
2. **प्रपत्र–बः** इस प्रपत्र में स्माइल 2.0 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण, संकलन एवं पोर्टफोलियो संधारण हेतु ब्लॉक स्तर पर समग्र सूचना संधारित की जाएगी। ब्लॉक स्तर से उक्त समेकित सूचनाएं प्रति सप्ताह जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को मेल द्वारा प्रेषित की जाएँगी।
3. **प्रपत्र–सः** इस प्रपत्र में ब्लॉक स्तर से प्राप्त स्माइल 2.0 के अन्तर्गत अध्ययन कार्य हेतु गृहकार्य वितरण, संकलन एवं पोर्टफोलियो संधारण हेतु जिला स्तर पर संधारित सूचनाएं प्रति सप्ताह प्रत्येक जिले द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की जाएँगी।

www.rajteachers.com

- स्माइल 2.0 के तहत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को ऑनलाइन/ऑफलाइन कक्षावार, विषयवार प्रकरण एवं गृहकार्य प्रश्न के लिंक का प्रसारण प्रातः 09.00 बजे मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समूह में भेज दिया जाता है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त डिजिटल संदेश (स्माइल 2.0 ई–कक्षा कन्टेंट) को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पी.ई.ई.ओ. के समूह में भेजा जाएगा तथा पी.ई.ई.ओ. का उत्तरदायित्त्व होगा कि वह अपने अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षाओं के ई–कक्षा वीडियो देखने हेतु डिजिटल सन्देश (स्माइल 2.0 ई–कक्षा कन्टेंट) पहुचाएँ।
- ई–कक्षा के शिक्षण वीडियो के साथ गृहकार्य का लिंक दिया गया है। शिक्षकों का दायित्त्व होगा कि वे इस लिंक से विद्यार्थियों के कक्षावार बनाये गये समूह को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन गृहकार्य उपलब्ध करवायें। शिक्षकगण प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक विद्यालयों में उपस्थित रहेंगे एवं 2.00 बजे से 4.00 बजे तक ऑफलाइन गृहकार्य का वितरण एवं संकलन करेंगे। गृहकार्य का मूल्यांकन कर शिक्षकों द्वारा पोर्टफोलियो में संधारण किया जायेगा।
- उक्त गृहकार्य की सूचनाएं पीई.ई.ओ. द्वारा **प्रपत्र–अ** में भरकर प्रति सप्ताह गुरूवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में मेल द्वारा प्रातः 11.00 बजे तक प्रेषित की जाएँगी।
- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को पीई.ई.ओ. के द्वारा प्राप्त समेकित सूचनाओं को **प्रपत्र–ब** में भरकर अपने जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की मेल आई डी पर प्रेषित करना होगा।
- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के **सहायक निदेशक** का दायित्त्व होगा कि वह अपने जिले की प्रपत्र–ब की सूचनाओं को संकलित कर **प्रपत्र–स** में भरकर मेल द्वारा जिला स्तर से राज्य स्तर पर aayukt.ele@gmail.com पर प्रति गुरूवार दोपहर 3.00 बजे तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
- माह के प्रत्येक शुक्रवार को निदेशक महो. को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रेषित समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी।
- इस चरणबद्ध कार्यक्रम की सफल क्रियान्विति कर राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को कोरोना काल में अध्ययन से लिंक्ड रखें ताकि विद्यालय संचालन के समय उपस्थित होने पर विद्यार्थियों का कक्षा स्तरीय ज्ञान अद्यतन हो एवं सीखने–सिखाने की निरन्तरता बनी रहे।

**इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।**

**संलग्नः–** प्रपत्र–अ, प्रपत्र–ब एवं प्रपत्र–स।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
पं.राज (प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/ऑनलाइन शिक्षण/19570/2020/1808-1820 दिनांकः– 07.12.2020

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।


www.rajteachers.com

4. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त को इस निर्देश के साथ कि वे अधीनस्थ जिलों में उक्तानुसार समुचित प्रबोधन एवं पर्यवेक्षण करें।
6. जि.शि.अ.(मु.), मा.शि./प्रा.शि., समस्त।
7. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा को आज ही विभागीय वैबसाइट पर अपलोड कराने वास्ते।
9. शाला दर्पण प्रभारी, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर को शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने वास्ते।
10. कार्यालय रक्षित पत्रावली।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
पं.राज (प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

विद्यालय स्तर पर

## स्माईल–2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण एवं संकलन हेतु शिक्षकों के द्वारा भरे जाने वाला (प्रपत्र–अ)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | गृहकार्य वितरण से संबंधित सूचना | | | | | गृहकार्य संकलन से संबंधित सूचना | | | | | |
| विद्यालय का नाम | कक्षा | कुल नामांकन | गृहकार्य वितरण (विषयवार) | ऑनलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | ऑफलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या (5+6) | शेष विद्यार्थियों की संख्या | बिन्दु संख्या 8 में गृहकार्य वितरण से वंचित रहने वाले विद्यार्थियों का वंचित रहने का कारण/विवरण | ऑनलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | ऑफलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | गृहकार्य पूर्ण कर जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या (10+11) | शेष विद्यार्थियों की संख्या | बिन्दु संख्या 13 में गृहकार्य संकलन से वंचित रहने वाले विद्यार्थियों का वंचित रहने का कारण/विवरण | संकलन पश्चात विद्यार्थियों का गृहकार्य पोर्टफोलियो तैयार कर लिया गया है, हां अथवा नहीं |
| | 1 | | | | | | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | | | | | | | | | |
| | 4 | | | | | | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | | | | | | | |

www.rajteachers.com

ब्लॉक स्तर पर

## स्माईल–2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण एवं संकलन हेतु ब्लॉक स्तर पर संधारित समग्र सूचना (प्रपत्र–ब)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | गृहकार्य वितरण से संबंधित सूचना | | | | गृहकार्य संकलन से संबंधित सूचना | | | | |
| विद्यालय का नाम | कक्षा | कुल नामांकन | गृहकार्य विवरण (विषयवार) | ऑनलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (5+6) | गृहकार्य वितरण से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑनलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य पूर्ण कर जमा करवाने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (9+10) | गृहकार्य संकलन से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत | संकलन पश्चात् विद्यार्थियों का गृहकार्य पॉर्टफोलियो तैयार कर लिया गया है। (प्रतिशत में) |
| | | | | | | | | | | | | |

www.rajteachers.com

जिला स्तर पर

## स्माईल–2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण एवं संकलन हेतु जिला स्तर पर संधारित समग्र सूचना (प्रपत्र–स)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिले का नाम | कक्षा | कुल नामांकन | गृहकार्य विवरण (विषयवार) | ऑनलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (5+6) | गृहकार्य वितरण से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑनलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य पूर्ण कर जमा करवाने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (9+10) | गृहकार्य संकलन से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत | संकलन पश्चात् विद्यार्थियों का गृहकार्य पोर्टफोलियो तैयार कर लिया गया है। (प्रतिशत में) |
| | | | | | | | | | | | | |

www.rajteachers.com

98